- पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई जा रही है–मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने इस अवसर पर राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में अटल ज्ञान केन्द्र खोलने की घोषणा की।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश में केन–बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना की आधारशिला रखी।
- केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने दस हजार से अधिक प्राथमिक कृषि, सहकारी समितियों, डेयरी और मत्स्य पालन सहकारी समितियों को राष्ट्र को समर्पित किया।
- पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेश में तेज ठण्ड का दौर जारी–अगले दो दिन कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने और मावठ का पूर्वानुमान।

000

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सौवीं जयंती आज सुशासन दिवस के रूप में मनाई जा रही है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली स्थित सदैव अटल स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धाजंलि दी। गृह मंत्री अमित शाह और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित कई केन्द्रीय मंत्रियों और नेताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सुशासन की शपथ ली गई और अटल बिहारी वाजपेयी के सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया गया। वहीं प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। जयपुर स्थित भाजपा मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, सांसद घनश्याम तिवाडी और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने श्री वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर श्री वाजपेयी के जीवन दर्शन पर लगाई गई चित्र प्रदर्शनी का भी लोगों ने अवलोकन किया। उधर डूंगरपुर जिला प्रशासन की ओर से वाजपेयी की जयंती के अवसर पर सुशासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अटल विचार संगोष्ठी और सुशासन रैली भी आयोजित हुई। चूरू, करौली, श्रीगंगानगर, पाली और पुष्कर में भी पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। दौसा जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित सुशासन दिवस के मौके पर प्रदर्शनी लगायी गई और सुशासन की शपथ दिलाई गई। भरतपुर जिला कलेक्ट्रेट परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का जिला कलेक्टर ने अनावरण किया।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मध्यप्रदेश के खजुराहो में केन–बेतवा राष्ट्रीय नदी को जोड़ने वाली देश की पहली महत्वाकांक्षी और बहुउद्देश्यीय परियोजना की आधारशिला रखी। इस अवसर पर उन्होंने कहा है कि सुशासन सिर्फ एक दिवसीय कार्यक्रम न होकर भाजपा सरकारों की पहचान है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की यादों को साझा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि अटल जी सुशासन और सुसेवा के लिए हमेशा प्रेरणा स्रोत रहे हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने देश की पहली ओकांरेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का भी उद्‌घाटन किया। श्री मोदी ने एक हजार एक सौ अटल ग्राम सुशासन भवनों का भूमि पूजन किया और पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की स्मृति में एक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सुशासन दिवस के अवसर पर प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत पर अटल ज्ञान केन्द्र शुरू करने की घोषणा की है।

..........................

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन केन्द्रों के लिए स्थानीय युवाओं का अटल प्रेरक के रूप में चयन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के स्व–अध्ययन और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी तथा आमजन में पढ़ने की प्रवृति को प्रोत्साहित करने के लिए अटल ज्ञान केन्द्रों पर लाइब्रेरी और ई–लाइब्रेरी की सुविधाएं विकसित की जाएगी। इसके साथ ही इन केन्द्रों पर कैरियर काउंसलिंग की सुविधा भी मुहैया कराई जाएगी। इन केन्द्रों के विकास पर करीब 500 करोड़ रुपये खर्च होगें। श्री शर्मा ने कहा कि श्री वाजपेयी की स्मृति में राज्य सरकार ने 26 दिसम्बर को प्रत्येक पंचायत समिति मुख्यालय पर अटल जन सेवा शिविर आयोजित करने का भी फैसला किया है।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए उनके दिए आदर्श अपनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने बचपन से ही कठोर परिश्रम और अपने आत्मविश्वास से भारत को विकास की नई राह प्रदान की। प्रधानमंत्री रहते सुशासन के साथ उन्होंने भारतीय राजनीति के आदर्श मूल्यों की स्थापना की। श्री बागडे आज जयपुर के शांति नगर में अटल सामुदायिक केन्द्र में आयोजित वाजपेयी जन्म शती समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्व. वाजपेयी के प्रधानमंत्री काल में देश में निरंतर विकास के कार्य हुए और भारत परमाणु परीक्षण कर महाशक्ति बना।

000

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में दस हजार से अधिक नई स्थापित बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां राष्ट्र को समर्पित की। समितियां पशु–पालन और मछली पालन उद्योग से भी संबंधित हैं। श्री शाह ने इस अवसर पर नवगठित समितियों को पंजीकरण प्रमाण–पत्र, रुपे किसान क्रेडिट कार्ड और लघु ए टी एम भी वितरित किए। इन्हें पंचायतों में क्रेडिट सेवाओं की पहुंच मुहैया कराने और वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहन देने के लिए तैयार किया गया है। श्री शाह ने कहा कि मोदी सरकार सहकारिता को प्रोत्साहन देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई शक्ति दे रही है। उन्होंने कहा कि पांच वर्ष के लक्ष्य से बहुत पहले की दो लाख प्राथमिक कृषि क्रेडिट समितियों की स्थापना हो जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में जब बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता नहीं दी जाती थी तो पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने स्वर्णिम चतुर्भुज मार्ग परियोजना शुरू की। इधर दिल्ली में आयोजित इस कार्यकम से जयपुर में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा वर्चुअल जुडे। इस मौके पर सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक और अन्य मंत्री तथा विधायकों सहित बडी संख्या में लोग मौजूद रहे।

000

प्रभु यीशु का जन्मदिवस, क्रिसमस आज देश दुनिया में परम्परागत उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर गिरिजाघरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। क्रिसमस मनाने को लेकर ईसाई समुदाय के लोगों में सुबह से ही विशेष उल्लास बना हुआ है। क्रिसमस ट्री और केक को लेकर भी बच्चों के साथ बडों में भी उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रदेश के विभिन्न शहरों में किसमस पर्व के मौके पर गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन हुआ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्रिसमस के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने सभी से प्रभु यीशु मसीह की शिक्षाओं पर चलने का आह्वान किया। इधर, राजधानी जयपुर सहित प्रदेशभर के पर्यटन स्थलों पर क्रिसमस की छुटिटयां मनाने, बड़ी संख्या में देशी–विदेशी सैलानी पहुंच रहे हैं। सिरोही जिले में

स्थित प्रदेश के एकमात्र पर्वतीय पर्यटन स्थल माउंट आबू में भी बडी संख्या में पर्यटकों का आना जारी है।

000

अजमेर में स्थित विश्व प्रसिद्ध हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह के 813वें उर्स की शुरूआत 28 दिसंबर को झंडे की रस्म के बाद होगी। भीलवाड़ा के गौरी परिवार के फखरुद्दीन गौरी झंडे की रस्म अदा करेंगे।

000

भरतपुर के संस्थापक महाराजा सूरजमल का 266वां बलिदान दिवस आज श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस दौरान भरतपुर जिला मुख्यालय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए।

..................

000

कोटा महोत्सव में आज साफा प्रतियोगिता और मूंछ प्रतियोगिता जैसी कई आकर्षक गतिविधियां आयोजित हुई। कोटा को पर्यटन और सांस्कृतिक क्षेत्र में विशिष्ट पहचान दिलाने के लिये आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक संदीप शर्मा थे। श्री शर्मा ने कहा कि कोटा की पर्यटन के क्षेत्र विशिष्ट पहचान है। यहां के मथुराधीश मंदिर, मुकुंदरा हिल्स, जीवनदायिनी, चंबल नदी और जैविक विविधता विश्व पटल पर अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।

000

प्रदेश के ज्यादातर स्थानों पर पिछले 2–3 दिन से तापमान में गिरावट आने से तेज सर्दी का असर जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य में सबसे कम 3 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान माउंट आबू में दर्ज किया गया। वहीं पिलानी, श्रीगंगानगर और चूरू में न्यूनतम तापमान 6 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। चित्तौडगढ में आज दिन की शुरूआत सर्द हवा और हल्के कोहरे से हुई। कोटा में भी दिनभर बादल छाये रहे। बाड़मेर में आज दिनभर कोहरा छाया रहा और सर्द हवाओं के असर से ठण्ड का असर बढ़ गया। श्रीगंगानगर में तेज ठण्ड से जनजीवन पर असर पड़ा है।

.................

मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार राज्य में अगले दो दिन कहीं–कहीं घना कोहरा छाया रह सकता है। कल से एक और नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इसके असर से जयपुर सहित कई जिलों में मावठ हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार विक्षोभ का सर्वाधिक असर 27 दिसंबर को रह सकता है। इससे कहीं–कहीं ओलावृष्टि की भी आशंका है।

0000